# अपना शहर

आधुनिक हिन्दी के महान साहित्यकार, श्रेष्ठ पत्रकार, नाटककार एवं गद्य प्रधान कविता के जनक बालकृष्ण भट्ट जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। —— केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

कोविड-19 महामारी प्रबंधन को लेकर गलत विमर्श बनाने की कोशिश कर रहा विपक्ष ।

—— हरदीप सिंह पुरी,केंद्रीय मंत्री


नई दिल्ली। बुधवार ● 21 जुलाई ● 2021

चण्डीगढ़ सहारा | www.rashtriyasahara.com


## संक्षिप्त खबरें

### शनिवार को खुले रहेंगे संपत्तिकर कार्यालय

**नई दिल्ली।** महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि सम्पत्ति कर दाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सभी संपत्तिकर कार्यालय 31 जुलाई तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हर शनिवार खुले रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने वर्ष 2021-22 के लिए समय पर एकमुश्त भुगतान करने पर 15% की छूट के साथ संपत्ति कर के भुगतान की अंतिम 31 जुलाई कर दी है। उन्होंने बताया कि आवासीय संपत्ति करदाता 15 फीसद छूट के अतिरिक्त स्व-घोषणा पत्र प्रदान करके अतिरिक्त 3 फीसद छूट का लाभ उठा सकता है।

### मृत पर्यावरण सहायकों के आश्रितों को दिए नियुक्ति पत्र

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने मंगलवार को पूर्वी दिल्ली नगर निगम मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के मृत 49 पर्यावरण सहायकों के आश्रितों को कल्याणमूलक आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए। दैनिक वेतन भोगी आधार पर उन्हें यह नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर स्थाई समिति के अध्यक्ष वीर सिंह पंवार नेता सदन सत्यपाल सिंह तथा स्थाई समिति के उपाध्यक्ष दीपक मलोहा भी मौजूद थे। महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम विषम वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद अपने मृत पर्यावरण सहायकों के आश्रितों के हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सहायक निगम के कामकाज की रीढ़ हैं और पूर्वी निगम द्वारा उनकी मांगों को नियमानुसार पूरा करने के ईमानदार प्रयत्न किए जाएंगे। महापौर ने बताया कि इन 49 लोगों में से दो नियुक्तियां उन लोगों को की गई हैं, जिनके परिजन कोरोना के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए।

राजधानी में मंगलवार शाम आसमान में छाए काले बादल। फोटो : प्रेट

# 24 घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें : सत्येंद्र

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ राजधानी में 24 घंटे पानी की आपूर्ति परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक की।

जल मंत्री कहा कि जल विभाग शहर में 24 घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने पानी की बर्बादी रोकने और विभाग में सभी स्तरों पर जवाबदेही और जिम्मेदारी तय करने पर जोर दिया। जैन ने शहर के जल निकायों और एसटीपी पर किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की और काम की गुणवत्ता को बढ़ाने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों के साथ पीपीस से लेकर कनेक्शन और आपूर्ति तक हर चेकप्वांइट पर शामिल तकनीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों के लाभ के लिए इस योजना को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए और सभी तकनीकी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से दूर किया जाना चाहिए। जल मंत्री ने कहा कि यह योजना राजधानी में 24 घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। जल मंत्री ने अधिकारियों

**जल मंत्री ने जल बोर्ड अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

को सभी स्तरों पर जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी परियोजनाएं तय समय से पहले पूरी हों। सत्येंद्र जैन ने सभी जल निकायों के रखरखाव के साथ-साथ दिल्ली के बड़े नालों में चल रही सफाई की प्रगति का भी जायजा लिया।

### सत्येंद्र ने स्वीकार की गोवा के ऊर्जा मंत्री से डिबेट की चुनौती

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने गोवा के ऊर्जा मंत्री निलेश कैबराल द्वारा बिजली के मुद्दे पर खुली बहस की दी गई चुनौती को स्वीकार कर ली है। वह 26 जुलाई को गोवा जाएंगे। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोवा में सरकार बनने पर वहां के निवासियों को 24 घंटे बिजली मुहैया कराने का वादा किया है। केजरीवाल के इस ऐलान के बाद ही गोवा के ऊर्जा मंत्री ने दिल्ली सरकार के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन को 24 घंटे बिजली के मुद्दे पर डिबेट करने की चुनौती दी थी। सत्येंद्र जैन ट्वीट कर कहा कि आम आदमी पार्टी की मुफ्त और 24 घंटे बिजली की घोषणा पर आमने-सामने बहस की चुनौती स्वीकार करता हूं।

# मंगलवार को भी भीगी दिल्ली

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन अच्छी बारिश हुई। इसके कारण तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। मौसम विभाग ने बुधवार को भी हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। शाम साढ़े पांच बजे तक 6.3 मिलीमीटर औसत बारिश रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान सबसे ज्यादा नजफगढ़ इलाके में 79.5 मिलीमीटर बारिश हुई। पूर्वी दिल्ली में तो दिन में हल्की बारिश हुई, लेकिन शाम छह बजे के आसपास मूसलाधार बारिश हुई। बारिश से पहले आसमान में काले बादल छा गए और देखते देखते अंधेरा छा गया। ऐसा लगा जैसे रात हो गई हो। इसके बाद बादलों ने बरसना शुरू किया तो जमकर बरसे। पालम इलाके में 24 घंटे के दौरान 96.9 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि नरेला में 71.5, आयानगर में 53.2 मिलीमीटर बारिश हुई। अन्य इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमानों में बुधवार को अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने और कुछ एक इलाकों में तेज, तो कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। उधर बारिश के दौरान दक्षिणी दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में 12 जगह पेड़ गिरने, 8 जगह जलभराव होने और 2 जगह भवनों के हिस्से गिरने की शिकायतें दर्ज की गई हैं। शाम करीब साढ़े सात बजे तक दक्षिणी निगम क्षेत्र से उक्त शिकायतें दर्ज की गईं।

**सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़का तापमान**

**बुधवार को भी हल्की बारिश की संभावना**

# किसानों के साथ पुलिस की तीसरी बैठक बेनतीजा

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली पुलिस का कहना है कि संसद घेराव की मांग पर अड़े किसानों का दिल्ली पुलिस के बीच की तीसरी बैठक बेनतीजा हो गई है। किसान प्रदर्शन पर अमादा हैं, जबकि पुलिस इसकी अनुमति नहीं दे रही है। पुलिस का कहना है कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन ट्रैक्टर रैली के नाम पर किसानों ने लालकिला में पहुंचकर तोड़फोड़ और हंगामा किया। इस घटना के बाद से पुलिस को किसान संगठनों पर विश्वास नहीं है। गौरतलब है कि इससे पहले भी किसान नेताओं और पुलिस के बीच दो बार बैठक हो चुकी है, लेकिन घरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिल पाई है। मंगलवार को अलीपुर के एक फार्महाउस में किसान नेताओं और पुलिस के आलाधिकारियों की बैठक हुई, लेकिन यह बेनतीजा रही।

# स्पा सेंटरों को खोलने पर फैसला जल्द : दिल्ली सरकार

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली सरकार ने हाईकोर्ट से कहा कि वह स्पा सेंटरों को खोलने पर गंभीरता से विचार कर रहा है और उस पर जल्द फैसला ले लिया जाएगा।

उसके लिए समय प्रदान किया जाए। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने सरकार को समय प्रदान कर दिया और सुनवाई 27 जुलाई के लिए स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से कहा था कि स्पा सेंटरों से कई लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है। सरकार की ओर से यह बात अधिवक्ता नौशाद अहमद खान ने कही। न्यायमूर्ति ने यह समय स्पा सेंटरों के संगठन दिल्ली वैलनेस स्पा एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। संगठन ने सरकार के 26 जून के आदेश को चुनौती दी है जिसमें जिम, योगा सेंटर और सैलून को खोलने का आदेश दिया गया है, लेकिन स्पा सेंटरों को नहीं। एसोसिएशन ने कहा है कि उसके साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। जब सैलून को खोलने की इजाजत दे दी गई तो उसे भी खोलने की इजाजत दी जाए, क्योंकि इससे कई लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी है। उसमें काम करने वाले लोग बेरोजगारी की मार झेल कर अपनी रोटी के लिए तरस रहे हैं।

**जिम, योगा सेंटर और सैलून को खोलने का आदेश दिया गया है, लेकिन स्पा सेंटरों को नहीं**

# उपमुख्यमंत्री ने अभिभावकों से जाना बच्चों का हाल

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली सरकार के स्कूलों में आयोजित किए जा रहे स्पेशल पीटीएम के दूसरे दिन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों का दौरा किया और वहां अभिभावकों से मिलकर बच्चों की पढ़ाई के विषय में बातचीत की।

उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को जीजीएसएसएस, न्यू कोंडली, एसकेवी ईस्ट विनोद नगर और एसकेवी मंडावली का दौरा किया। बड़ी संख्या में अभिभावक स्पेशल पीटीएम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय बाद आज अभिभावकों से मिलने और जानने का मौका मिला कि ऑनलाइन क्लासेस में क्या-क्या चुनौतियां आ रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण स्कूलों में फिजिकल क्लासेस न होने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई है। पीटीएम छात्रों की समस्या को दूर करने में मदद करेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत करने के लिए कई स्तरों पर काम कर रही है। कोरोना काल में बच्चों को अवसाद और तनाव से दूर रखने के लिए शिक्षक हैप्पीनेस करिकुलम के तहत ऑनलाइन क्लास के माध्यम से माइंडफुलनेस का अभ्यास करवा रहे हैं। साथ ही स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) के सदस्य बच्चों के अभिभावकों से जुड़े हुए हैं और बच्चों की पढ़ाई और जरूरतों को पूरा करने का काम कर रहे है।

# रेहड़ी-पटरी ऋण स्कीम का रजिस्ट्रेशन कैम्प

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** ब्रहमपुरी वार्ड में पूर्वी दिल्ली नगर निगम के सहयोग से रेहड़ी पटरी वाले कामगारों के लिए रेहड़ी-पटरी ऋण स्कीम के तहत एक कैम्प का आयोजन छत वाले मंदिर की गली जगजीत नगर में किया गया।

जिसमें काफी संख्या में रेहड़ी-पटरी वालों ने ऋण के वावत रजिस्ट्रेशन कराया। इस अवसर पर ब्रहमपुरी के निगम पार्षद राजा कुमार बल्लन और चौधरी रविन्द्र सहित कई और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# 10,580 पर कॉल कर खुद को करें तनाव मुक्त

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** कोरोना ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। इसको देखते हुए सरकार ने युवा हेल्पलाइन नंबर 1800116688 और 10580 जारी किया है। दिल्ली के सभी नागरिकों और विशेषकर स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने पढ़ाई संबंधित तनाव के साथ-साथ भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर दिल्ली सरकार के इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर गाइडेंस और काउंसलिंग प्राप्त कर सकते हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि सभी नागरिक युवा हेल्पलाइन का लाभ उठा सकते है। यदि कोई विद्यार्थी कोरोना महामारी के कारण तनाव में हो, कोरोना संक्रमण से डरे हुए हो, कोरोना के बाद बदली जीवनशैली के साथ तालमेल बैठाने में असहज महसूस कर रहा हो, अपने करियर या भविष्य को लेकर चिंता में हो, घर पर बैठ ऑनलाइन पढ़ाई करने और समय प्रबंधन में कठिनाई का सामना कर रहे हो, परीक्षा परिणाम के कारण तनाव में है, शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश हेतु जानकारी लेना चाहते हो या उसको लेकर चिंता या तनावग्रस्त हो, मायूसी-अकेलापन महसूस कर रहे हो, बहुत जल्दी क्रोधित हो जाते हो या इसी तरह की अन्य समस्याओं से जूझ रहे है।

# राजधानी में स्कूलों को खोलने की मांग

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी में विद्यालय के संचालकों व अभिभावकों ने एक बार फिर विद्यालय खोलने की मांग की है। दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष आरसी जैन का कहना है कि एम्स के निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया का बयान आने के बाद अभिभावकों में बच्चों को स्कूल खोलने के प्रति विश्वास बढ़ा है, क्योंकि डॉ. गुलेरिया का कहना है कि यदि संक्रमण रेट 5 प्रतिशत से कम है वहां विद्यालय खोल देने चाहिए। जैन ने बताया कि समाचार पत्र में खबर आने के बाद दिल्ली के अधिकतर स्कूल प्रबंधकों के ऊपर अभिभावकों ने दबाव बनाना शुरू कर दिया है कि अब दिल्ली में कोरोना संक्रमण महामारी का रेट एक प्रतिशत से भी कम हो गया है तो ऐसे में सरकार को तुरंत स्कूलों को कुछ पाबंदियों के साथ खोल देना चाहिए। देश के कई राज्यों में स्कूलों को इस माह से खोला जा चुका है। अब लंबे समय तक तीसरी लहर के इंफेक्शन से स्कूली बच्चों को स्कूल से दूर रखना बच्चों के हित में नहीं है जहां पिछले 17 महीने से बच्चे घर पर रहकर मोटापे का शिकार हो रहे हैं वहीं बच्चों को ऑनलाइन क्लास लेने में आंखों की बीमारी के केस भी बहुत रहे हैं, बच्चे मानसिक रूप से चिड़चिड़े होते जा रहे हैं। जैन ने सरकार से मांग की है कि सरकार तुरंत स्कूल खोलने पर विचार करें जिसमें उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है।

# 24 घंटे में कोरोना से 5 मौतें, 44 नए केस

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**नई दिल्ली।**

राजधानी दिल्ली शहर में कोरोना से संक्रमण दर तेजी से घट रही है, हालांकि 24 घंटे बाद मौत के मामले फिर बढ़ गए हैं। दिल्ली में 44 नए मामले सामने आए। वहीं 37 मरीजों को छुट्टी दी गई, जबकि 5 मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। हालांकि संक्रमण दर अब 0.07 फीसद रह गई है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार दिल्ली में अभी तक कुल 14, 35, 609 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं, इनमें से 14, 10, 005 मरीज स्वस्थ हो गए, जबकि 25, 035 मरीजों ने कोरोना से दम तोड़ दिया। दिल्ली में कोरोना से मृत्युदर 1.74 फीसद है। विभाग के अनुसार दिल्ली में इस समय एक्टिव केस 569 हैं। कोविड केयर सेंटर में 9 और होम आइसोलेशन में 183 मरीज भर्ती हैं।

**कोविड टेस्टिंग:** दिल्ली में कोरोना की जांच के लिए मंगलवार को 63, 019 टेस्ट हुए जिसमें 0.07 फीसद लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। मंगलवार को आरटी पीसीआर से 44, 368 और रैपिड एंटीजन से 18, 651 टेस्ट हुए। दिल्ली में अभी तक 22919131 टेस्ट हो चुके हैं। दिल्ली में घटते मामलों के साथ हॉटस्पॉट की संख्या घटकर 406 रह गई है।



**संक्रमण दर अब पहुंची 0.07 फीसद**

**मंगलवार को 63, 019 टेस्ट हुए जिसमें 0.07 फीसद लोग पाए गए कोरोना संक्रमित**

**टीकाकरण :** दिन भर में कुल 25, 985 लोगों को टीके लगाए गए। इसमें से 16, 704 लोगों को टीके की पहली डोज जबकि 9, 281 लोगों को टीके की दूसरी डोज दी गई।

अब तक दिल्ली शहर में कुल 93, 67, 800 लोगों को टीके लगाए जा चुकी है। इसमें से 71, 42, 106 लोगों को टीके की पहली डोज जबकि 22, 25, 694 लोगों को टीके की दूसरी डोज दी गई है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डौला लोनी गाजियाबाद

पत्रांक : 02/पंचायत/पंचम राज्य वित्त / 15 वां वित्त/ निविदा/2021-22 दिनांक : 21.07.2021

### संशोधित निविदा सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डौला के पत्र संख्या 1/पंचायत /पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/ निविदा /2021-22 दिनांक : 16.07.2021 द्वारा निविदा सूचना प्रकाशित कराई गई थी। उक्त निविदा दिनांक : 23.07.2021 खोली जानी थी। इस निविदा सूचना में 12 कार्यों के लिए निविदा मांगी की गई थी। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

ग्राम पंचायत सचिव
मण्डौला
लोनी गाजियाबाद


## जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड

सीआईएन : L74899UP1995PLC043677

पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट 1ए, सेक्टर 16ए, गौतम बुद्ध नगर-201301, (उ.प्र.)

फोन : +91-120-4090500, फैक्स : +91-120-4090599

वेबसाइट : www.jubilantfoodworks.com, ईमेल: investor@jubl.com

**शेयरधारकों को लाभांश के भुगतान और स्रोत पर कर कटौती की सूचना**

कम्पनी के निदेशक मंडल ने, दिनांक 15 जून, 2021 को आयोजित इसकी बैठक में 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए भारतीय रुपये 6.00/- प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश संस्तुत किया है, जो आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन की शर्त के अधीन होगा। लाभांश, यदि शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया, तो उसका भुगतान कम्पनी के उन इक्विटी शेयरधारकों को किया जाएगा, जो लाभांश प्राप्त करने के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारण हेतु रिकॉर्ड तिथि अर्थात 9 अगस्त, 2021 को डिपॉजिटरीज या भौतिक रूप में शेयरधारक होंगे।

आय–कर अधिनियम, 1961 (**"आय–कर अधिनियम"**) के प्रावधानों के निबन्धनों में, कम्पनी द्वारा दिनांक 1 अप्रैल, 2020 को अथवा उसके बाद शेयरधारकों के हाथों में भुगतान या वितरित किया गया लाभांश कर योग्य है। अतएव कम्पनी की स्रोत पर कर कटौती, लाभांश के भुगतान के समय पर निर्धारित दरों पर, करनी होगी। स्रोत पर कर कटौती आईटी एक्ट के प्रावधानों के अनुसार शेयरधारक की आवासीय स्थिति और वर्गीकरण के आधार पर होगी।

अतएव शेयरधारकों से आवश्यक कर संबंधी / घोषणाएं (जैसेकि प्रपत्र 15जी / 15एच, धारा 196, 197ए के तहत दस्तावेज, एफपीआई पंजीकरण प्रमाणपत्र, टैक्स रेजीडेंसी सर्टिफिकेट, लोअर टैक्स सर्टिफिकेट लिंक https://web.linkintime.co.in/formsreg/submission-of-form-15g-15h.html पर 9 अगस्त, 2021 को अथवा पहले अपलोड करने का अनुरोध किया जाता है, ताकि कम्पनी लागू उपयुक्त रोक कर दर निर्धारित कर सके।

ऐसे मामलों में जिनमें दस्तावेजों (जैसेकि पैन–कार्ड, पंजीकरण प्रमाणपत्र, इत्यादि) की प्रति उपलब्ध कराई गई है, उक्त प्रति शेयरधारक अथवा इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा स्व–सत्यापित की जानी चाहिए।

शेयरधारक, स्रोत पर कर–कटौती हेतु निर्धारित दरों तथा शेयरधारकों द्वारा प्रस्तुत किए जाने हेतु अपेक्षित दस्तावेजों/घोषणाओं के विवरण के लिए वेबसाइट: https://www.jubilantfoodworks.com/investors/shareholder-information/dividend देखें। शेयरधारक कृपया नोट करें कि कर–संबंधी सभी दस्तावेज उपरोक्त लिंकड़ा टाइन पोर्टल पर नागत: **https://web.linkintime.co.in/formsreg/submission-of-form-15g-15h.html** के माध्यम से 9 अगस्त, 2021 को अथवा पहले अपलोड किए जाने चाहिए। कर दर निर्धारण / कटौती के संबंध में दिनांक 9 अगस्त, 2021 के पश्चात प्राप्त किसी दस्तावेज / सूचना पर विचार नहीं किया जाएगा / स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृते **जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**
हस्ता /–
**मोना अग्रवाल**
**कम्पनी सचिव**

दिनांक: 20 जुलाई, 2021
स्थान: नोएडा (उत्तर प्रदेश)



**विज्ञप्ति**

थाना रामगंज जनपद मु.नगर उत्तर प्रदेश पर पंजि. मु.अ.सं. 223/2017 धारा 60/72 आबकारी अधि. व 272/273 आई.पी.सी. मे अपराध के प्रयुक्त वाहन ट्रॉली कार नं. DL 2C AP/1378 के वाहन स्वामी पो. रिजवान S/o वास्ते नि. S-12/A क्लॉक एस जीगा खई एक्सटेंशन जामिया नगर ओखला नई दिल्ली के वाहन उपरोक्त की जमीकरण की कार्यवाही किला मजिस्ट्रेट कार्यालय मु.नगर में प्रचलित है। जिसके संबंध में वाहन स्वामी के उपरोक्त पते पो पर कारण बताओ नोटिस सामिल करने का प्रयास किया गया परन्तु वाहन स्वामी वर्तमान में उपरोक्त पते पर निवास नहीं कर रहा है। जिस कारण जमीकरण की कार्यवाही लम्बित चल रही है। यदि उपरोक्त वाहन स्वामी नियत तिथि पर मा.न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है। तो यह समझा जाएगा कि वाहन स्वामी को इस विषय में कुछ नहीं कहना है। और मा.न्यायालय द्वारा अग्रिम कार्यवाही अग्रल में लाई जायेगी। अतः वाहन स्वामी उपरोक्त इस विज्ञप्ति को पढ़कर किला मजिस्ट्रेट कार्यालय मुजफ्फरनगर में अपने स्वत्व अंकित करने का कष्ट करें अन्यथा अग्रिम कार्यवाही अग्रल में लायी जा सके।

किला मजिस्ट्रेट उपनिरीक्षक श्री दीपक कुमार
मुजफ्फरनगर थाना रामगंज
उ.प्र. जनपद मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
डी- मो.नं. 8384805152


# ओ-जोन की 150 कॉलोनियों को लाया जाए एफ जोन में : बिधूड़ी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मास्टर प्लान 2041 के प्रारूप में 150 कॉलोनियों को ओ-जोन से हटाकर एफ-जोन में लाने की मांग की है। उन्होंने डीडीए के उपाध्यक्ष अनुराग जैन से मुलाकात कर इस मुद्दे के साथ कई और मुद्दों को भी उठाया है। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों को ओ-जोन से हटाकर एफ-जोन में लाया जाए ताकि यहां के लोगों को मालिकाना हक मिल सके।

इन कॉलोनियों को नियमित किया जा सके और वहां नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इन कॉलोनियों का ले आउट प्लान भी ओ-जोन से हटाने पर ही बन सकेगा और लोग नक्शा पास कराकर मकान भी बना सकेंगे। बिधूड़ी ने डीडीए उपाध्यक्ष के समक्ष दिल्ली के कई और मामले भी उठाए। उन्होंने कहा कि अनिधकृत कॉलोनियों का ले आउट प्लान शीघ्र बनाया जाए ताकि लोग नक्शा पास कराकर अपना मकान नियमानुसार बनवा सकें। इससे अवैध निर्माण रुकेगा और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी। इसके अलावा 'जहां झुग्गी, वहां मकान' योजना में भी तेजी लाने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि खोखा-पटरी वालों को स्टाल के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए ताकि वे ठीक से कारोबार कर सकें। इसके अलावा पुनर्वास कॉलोनियों के लोगों को मालिकाना हक देने का मुद्दा भी उठाया गया।


## उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड

अनूपशहर आसवनी इकाई को.ओ. चीनी मिल, जहांगीराबाद (बुलन्दशहर) पिन-203391

क्रमांक : जीएम/एडीवृ/2021-22/214/C दिनांक : 20 जुलाई, 2021

**निविदा सूचना**

Email : distilleryunit@gmail.com website:www.upsug-arfed.org etender.up.nic.in

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारम्भ होने की तिथि व समय | ई-निविदा की अन्तिम तिथि व समय | टेकनिकल/ फाइनेंसियल बिड खालने की तिथि व समय | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आसवनी के एनालाइजर कालम का एक शैल, वाश केचर, वेपर पाइप लाइन, बियर हीटर/ कन्डेन्सर ट्यूब तथा एनालाइजर कालम का केवल एक प्लेट डाउन पाइप सहित आपूर्ति का कार्य। | 20.07.2021/ 6.55 पी.एम. | 27.07.2021/ 6.55 पी.एम. | 28.07.2021/ 11.00 ए.एम | 10000.00 |

निविदा से संबंधित जानकारी, नियम व शर्त आदि वेबसाइट etender.up.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

प्रधान प्रबंधक